# Commerce-IV Income-Tax, 2015

Time : 3 hrs.] (C-204) [M.M. : 100

**नोट:** इस प्रश्न-पत्र को **पाँच** खण्डों -अ, ब, स, द तथा इ में विभाजित किया गया है। खण्ड-अ ( **लघु उत्तरीय प्रश्न** ) में एक लघु उत्तरीय प्रश्न है, जिसके दस भाग हैं। ये **सभी दस** भाग **अनिवार्य** हैं। खण्डों-ब, स, द तथा इ ( **विस्तृत उत्तरीय प्रश्न** ) प्रत्येक में दो प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न करना है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है। केल्कुलेटर का प्रयोग अनुमन्य है।

## खण्ड–अ

**नोट:** खण्ड 'अ' एक लघु उत्तरीय प्रश्न है, जिसके सभी **दस** भाग **अनिवार्य** है। प्रत्येक भाग **4** अंक का है।

1. (a) कर नियोजन एवं कर बचाव में अन्तर बताइये। Distinguish between Tax Planning and Tax Avoidance.

(b) जमीन से सम्बन्धित गैर कृषि आय के चार उदाहरण लिखें।
Write four examples of Non Agricultural Income related with land.

(c) 'माना गया करदाता' कौन है? Who is 'Deemed Assessee'?

(d) चार कर मुक्त आय लिखें। Write four Exempted Incomes.

(e) धारा 80D को समझाइए। Explain Section 80D.

(f) स्थायी खाता संख्या क्या है? What is Permanent Account Number?

(g) एक व्यक्ति-वरिष्ठ नागरिक की कर मुक्त सीमा क्या है? (कर निर्धारण वर्ष: 2014-2015)
What is Exemption limit for Individual-Senior citizen? (AY : 2014-15)

(h) धारा 193 में प्रतिभूतियों पर ब्याज के लिए उद्गम स्थान पर कर की कटौती की दर क्या है?
What is rate of tax deduction at source for Interest on Securities in Section 193?

(i) डॉ॰ कृष्ण कुमार, भारतीय नागरिक, U.K. में पैदा हुआ था। वह जब 12 वर्ष का था, भारत आया और 25 वर्ष की उम्र में सर्वप्रथम भारत से बाहर गया। वह मई, 2011 में U.K. गया और पुन: मार्च, 2014 में भारत आया। कर निर्धारण वर्ष 2014-2015 के लिए वह कैसा निवासी होगा? Dr. Krishna Kumar, an Indian citizen was born in UK. He came to India, when he was of 12 years of age and went outside India for the first time when he was 25 years of age. He left for UK in May, 2011 and again came back to India in March, 2014. What is residential status for the assessment year 2014-2015?

(j) सकल कुल आय क्या है? What is Gross Total Income?

खण्ड-ब

2. श्री कमल मोहन की गत वर्ष 2013-2014 की आयें निम्न प्रकार हैं:

The following are the income of Sh. Kamal Mohan for the previous Year 2013-2014 :

(i) भारतीय कम्पनी से लाभांश Dividend from Indian Company Rs. 20,000

(ii) जर्मनी में व्यापार से लाभ, भारत में प्राप्त किया
Profit from business in Germany received in India Rs. 24,000

(iii) न्यूयार्क में व्यापार से लाभ, जो टोक्यो से नियंत्रित है
Profit from business in New York, controlled from Tokyo Rs. 16,000

(iv) भारतीय साझेदारी फर्म की आय में हिस्सा
Share of income from Indian Partnership Firm Rs. 45,000

(v) भारत स्थित मकान सम्पत्ति से आय Income from House Property in India Rs. 42,000

उनकी कर योग्य आय ज्ञात कीजिये यदि वह : Compute taxable income if he is :

(a) निवासी है। Resident (b) असाधारण निवासी है। Non-Ordinary resident

(c) अनिवासी है। Non-Resident

अथवा

3. एक व्यक्ति की निवासीय स्थिति कैसे निर्धारित की जाती है? How residential status of an individual is determined?

खण्ड-स

4. मि. विभोर की आय से सम्बन्धित विवरण निम्न है : Particulars of Mr. Vibhor's income are as follows :

| | |
|---|---|
| मासिक वेतन Monthly Salary | Rs. 25,000 |
| महंगाई वेतन Dearness Pay | Rs. 10,000 P.M. |
| मनोरंजन भत्ता Entertainment Allowance | Rs. 3,000 P.M. |
| मकान किराया भत्ता House Rent Allowance. | Rs. 5,000 P.M. |

नियोक्ता द्वारा गैस, बिजली और पानी की सुविधा प्रदान की गई। मूल्य रु० 18,000 प्रति वर्ष। बोनस-दो माह के मासिक वेतन के बराबर। नियोक्ता द्वारा शिमला जाने के लिए रु० 65,000 अवकाश यात्रा रियायत के दिए। उन्होंने तथा उनके नियोक्ता दोनों ने प्रमाणित भविष्य निधि में वेतन का (मासिक वेतन तथा महंगाई वेतन) 18% अंशदान किया। इस खाते में 12.5% की दर से रु० 50,000 ब्याज के जमा हुए। कर निर्धारण वर्ष 2014-2015 के लिए उनकी कर योग्य आय की गणना कीजिए। Gas Electricity and Water facility provided by employer Rs. 18,000 per annum. Bonus 2 month's monthly salary. Employer provided Leave Travel Concession of Rs. 65,000 for going to Simla. He and his employer both contributed 18% of his salary (Monthly Salary and Dearness Pay) to his recognised provident fund. Interest credited to this fund @ 12.5% amounted to Rs. 50,000 during the previous year. Compute his taxable income for the assessment year 2014-2015.

अथवा

5. एक नियोक्ता द्वारा एक कर्मचारी को मकान की सुविधा का मूल्यांकन कैसे किया जाता है?
How value of house facility is valued given to an employee by employer?

खण्ड-द Section-D

6. श्री राम निवास इन्दौर में स्थित एक मकान सम्पत्ति के स्वामी हैं। जिसे वह स्वयं के रहने के काम लाता है। जून, 2013 में उसका आगरा अंतरण हो गया अत: 1 जुलाई, 2013 से मकान 5,000 रुपये मासिक किराए पर दे दिया। मकान से सम्बन्धित निगम कर 20% की दर से देय है। (नगरपालिका मूल्यांकन रु० 80,000)। मकान बनवाने के लिये गये ऋण पर ब्याज रु० 17,000 है। कर निर्धारण वर्ष 2014-2015 के लिये मकान सम्पत्ति की आय की गणना करें।

Shri Ram Niwas owned a house property at Indore which was occupied by him for the purpose of his residence. He was transferred to Agra in June, 2013 and therefore he letout the property with effect from 1st July, 2013 on a monthly rent of Rs. 5,000. The Corporation tax payable in respect of the property @ 20% of Municipal value (Municipal value is Rs. 80,000). Interest on money borrowed for construction of the property amounted to Rs. 17,000. Compute income from house property for the as-

sessment year 2014-2015.

7. वार्षिक मूल्य क्या है? इसका निर्धारण कैसे होता है? उचित उदाहरण दीजिए। What is Annual Value? How would you determine it? Give suitable examples.

अथवा

खण्ड-इ

8. रु० 50,000 की 1984-85 में आगरा में क्रय की गयी कृषि भूमि 1.5.2013 को रु० 6,00,000 की बेच दी गई। 1.8.2013 को Mr. अनूप ने दूसरी कृषि भूमि रु० 1,70,000 में क्रय कर ली तथा 24.6.2014 को रु० 30,000 पूँजी लाभ खाता योजना के अन्तर्गत जमा कर दिये। कर निर्धारण वर्ष 2014-2015 के लिए कर योग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिए। लागत स्फीति सूचकांक 1984-85 में 125 तथा 2013-14 में 939 था। Agricultural land situated in Agra purchased in 1984-85 Rs. 50,000 sold for Rs. 6,00,000 on 1.5.2013. Mr. Anoop purchased an other piece of agricultural land on 1.8.2013 for Rs.1,70,000 and deposited Rs. 30,000 on 24.6.2014 in Capital Gain Account Scheme. Find out the Capital Gain chargeable to tax for the assessment year 2014-2015. Cost inflation index in 1984-85 was 125 and in 2013-2014 it was 939.

अथवा

9. किस-किस तिथि को अग्रिम कर की किस्तें देय होती हैं तथा उन तिथियों पर कितनी राशि चुकानी होती है? On what dates are the instalments of advance tax due and what amount is to be paid on those dates?